रविवार
12 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



जमीरा में पूर्व मुखिया प्रत्याशी के पति को बदमाशों ने मारी गोली 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

सीएम ने भागलपुर में योजनाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

लोगों को चिन्हित कर नल जल की सुविधा दिलाएं



शनिवार को भागलपुर में जीविका दीदीयों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर उनसे बात करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को समाधान यात्रा के क्रम में भागलपुर जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने भागलपुर के अलीगंज में बिहार स्पिनिंग मिल परिसर अवस्थित 'वृहदआश्रय स्थल की छत पर ब्रेडा द्वारा अधिष्ठापित ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। भागलपुर जिलांतर्गत नवनिर्मित जिला अतिथि गृह, मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत खेल - भवन- सह - व्यायामशाला एवं मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना अंतर्गत 200 आवासन की क्षमता वाले वृहद आश्रय गृह का शिलापट्ट अनावरण कर मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन सीपेट (केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियंत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान) भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री संदीप पौंड्रिक ने निमार्णाधीन सीपेट भवन के प्रारूप के माध्यम से उसकी प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सीपेट भवन को ठीक ढंग से बनायें। यहां 50 साल पुराना जो भवन है उसे रखने का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गगत सीपेट कैंपस में उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई उत्पादित सामाग्रियों से संबंधित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत भागलपुर जिले के कुल 61 लाभुकों को देय राशि से संबंधित चेक मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने 1795 जीविका स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदत ऋण एवं जीविका परियोजना की ओर से सामुदायिक निवेश निधि के तहत उपलब्ध कराई गई निधि से संबंधित 79 करोड़ रुपये का चेक एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की चाबी जीविका दीदियों को प्रदान किया।

सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत व्यवसाय विविधीकरण हेतु 943 लक्षित परिवारों को 2 करोड़ 3 लाख 58 हजार रुपये का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। जीविका समूह से जुड़े 300 परिवारों को मुख्यमंत्री बागवानी मिशन के तहत प्राप्त अनुदान से संबंधित 1 करोड़ 17 हजार रुपये का सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को प्रदान किया। सात निश्चय-2 के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना अंतर्गत 30 फीट तक के 24 पक्का चेक डैम निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों को ससमय आर्थिक सहायता उपलब्ध करायें


जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल का जल योजना का लाभ नई बसावटों एवं नवनिर्मित मकानों के निवासियों तक पहुंचायें। यदि कोई घर छूट गया हो तो उसे भी चिन्हित कर नल-जल की सुविधा लोगों को उपलब्ध करायें। हमलोगों ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का नामकरण जीविका किया, जो जीविका दीदी के नाम से जानी जाती हैं। बिहार में जब हमें काम करने का मौका मिला उस समय यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। इसे बढ़ाने का निर्णय लिया गया और अब बिहार में 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है। मुख्मयंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों को ससमय आर्थिक सहायता उपलब्ध करायें, इसमें विलंब न करें। 2 वर्ष में बच्चियों का संपूर्ण टीकाकरण हो सके इस पर विशेष ध्यान दें। उच्चतर शिक्षा हेतु इंटरमीडिएट और ग्रेजुएशन उतीर्ण करने वाली छात्राओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान में देर न करें। हमलोग चाहते हैं कि अधिक से अधिक लड़कियां शिक्षित हों। इंटरमीडिएट उतीर्ण करने वाली अविवाहित छात्राओं एवं ग्रेजुएशन पास करने वाली विवाहित एवं अविवाहित छात्राओं को सरकार की तरफ से उच्चतर शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि दी जाती है, इस पर विशेष ध्यान दें। इसके भुगतान में विलंब होने को लेकर जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में भी शिकायतें मिलती हैं। इससे कोई वंचित न रहे, इसका ससमय भुगतान करें।

गंगा नदी की सफाई के लिए बनारस में बनेगा स्मार्ट रिवर लैब

एजेंसी/लखनऊ

वाराणसी में गंगा और उसकी सहायक नदी वरुणा की साफ-सफाई के लिए डेनमार्क सरकार स्मार्ट रिवर लेबोरेटरी बनाएगी। इसको लेकर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान डेनमार्क के वैश्विक जलवायु नीति मंत्री डैन जोर्जेंसन और योगी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के बीच 1,000 करोड़ का एमओयू साइन हुआ। डैन जोर्जेंसन ने कहा कि यूपी भारत की शक्ति बन चुका है। भारत-डेनमार्क की हरित रणनीतिक साझेदारी स्केल, स्किल्स, स्पीड, स्कोप और सस्टेनबिलिटी के आधार पर दिशा तय करती है। हम लोग डायबीटीज को पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं और उसके लिए पूरी तरह से डटे हुए हैं।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भारत और डेनमार्क के बीच रिश्ते कई दशक पुराने हैं। भारत डेनमार्क के साथ मिलकर ग्रीन पार्टनरशिप के माध्यम से पर्यावरण को बचाने के लिए लगातार काम कर रहा है। वाराणसी में वरुणा नदी के कायाकल्प का प्रॉजेक्ट निश्चित रूप से वहां के लोगों को नया जीवन देगा। डेनमार्क के प्रधानमंत्री ने भी भारत के जल जीवन मिशन को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की थी।



गाजियाबाद और वाराणसी में बनेगा फूड पार्क: हंच वेंचर्स यूपी में 200 एकड़ में दो फूड पार्क बनाएगी। ये फूड पार्क गाजियाबाद और वाराणसी में बनेंगे। इन्वेस्टर्स समिट में इसके लिए सरकार ने एमओयू किया है। समिट में शुक्रवार को 'उत्तर प्रदेश :खाद्य प्रसंस्करण में संभावनाएं' विषय पर आयोजित सत्र में यह जानकारी कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर रुद्र डालमिया और करन पाल सिंह ने दी। रुद्र ने बताया कि अभी तक हमारी कंपनी अमेरिका, यूएई सहित कुछ देशों में कारोबार कर रही है। भारत में फूड पार्क की शुरूआत यूपी से कर रहे हैं। हमने 500 करोड़ रुपये का एमओयू किया है। 50 एकड़ के एक फूड पार्क से 5000 लोगों को सीधे रोजगार मिलता है। वहीं करीब 25 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार मिलते हैं और किसानों सहित कई लोगों की आय में इजाफा होता है। हम दोनों ही पार्क 200 एकड़ में बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

मथुरा के पास 18 महीने में बनाया गया प्रॉसेसिंग प्लांट

आईटीसी के डिवीजनल चीफ एग्जिक्यूटिव, एग्री बिजनेस रजनीकांत राय ने बताया कि हमारा काफी काम पहले से यूपी में चल रहा है। हरदोई में फूड पार्क बन रहा है। पेप्सिको इंडिया की कम्युनिकेशन अफसर गरिमा सिंह 18 महीने के रेकॉर्ड समय मे हमने मथुरा के पास कोसी कलां में अपना फूड प्रॉसेसिंग प्लांट तैयार किया है। इसके अलावा भी कई जगह हम इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने नई खाद्य प्रसंस्करण नीति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण यूनिट लगाने पर पांच करोड़ ओर कोल्ड चेन के लिए 10 करोड़ तक की सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा मंडी शुल्क, स्टाम्प शुल्क, भू उपयोग परिवर्तन सहित कई अन्य छूट भी इसमें दी जा रही हैं। प्लांट में सौर्य ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए भी 50 प्रतिशत तक छूट है। मैरीनो इंडिया के प्रकाश लोहिया, केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्रालय में अपर सचिव सरोज कुमार झा ने भी यूपी में खाद्य प्रसंस्करण की संभावनाओं पर अपनी बात रखी।

गोरखपुर के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लगी आग से दो दर्जन दुकानें जलीं



केटी न्यूज/गोरखपुर

- आग से करोड़ों का नुकसान होने की बात आ रही सामने
- आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा

यूपी के गोरखपुर के गोला कस्बे के पास गुप्ता कॉम्प्लेक्स में शनिवार की सुबह भीषण आग लग गई। इससे कॉम्प्लेक्स की दो दर्जन दुकानें जल गईं। जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम छह घंटे से भी अधिक समय तक आग बुझाने के लिए मशक्कत करती रही। लेकिन खबर लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था। फिलहाल आग से करोड़ों का नुकसान बताया जा रहा है।

भवानीपुर-धुरियापार के गुलाब गुप्ता का गोला कस्बे में गुप्ता कॉम्प्लेक्स है। इस कॉम्प्लेक्स में 30 दुकानें हैं। जबकि, ऊपर के फ्लोर पर स्यंवर मैरिज हाल चलता है। इस घटना में दीपचंद मद्धेशिया की कॉस्मेटिक एवं जनरल स्टोर की दुकानें जल कर खाक हो गईं। उपेंद्र जायसवाल की चाय पत्ती की दुकान जलकर राख हो गई। आग की चपेट में संतोष तिवारी की कपड़े की दुकान, पिंटू मद्धेशिया रेडीमेड कपड़े एवं फुटकर विक्रेता की दुकान राख हो गई। इसके अलावा अभय गुप्ता का मैरिज हाल भी जलकर बर्बाद हो गया। हर दिन की तरह शुक्रवार की रात भी कॉम्प्लेक्स के सभी दुकानदार दुकानें बंद कर घर चले गए। सुबह करीब 7 बजे कॉम्प्लेक्स के पास से गुजर रहे लोगों ने देखा कि दुकानों के अंदर से धुआं निकल रहा था। लोगों ने करीब जाकर देखा तो यहां कॉम्प्लेक्स के अंदर कई दुकानें धू- धूकर जल रही थीं। देखते ही देखते वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पहले तो स्थानीय लोगों ने खुद ही पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, इससे कोई राहत नहीं मिली। इस बीच लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फॉयर बिग्रेड को दी।

गया में जदयू के जिला उपाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, पत्नी बोली- देवरानी का हाथ

केटी न्यूज/गया

गया में शुक्रवार रात जदयू जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह (52) की गोली मारकर हत्या की गई है। घर के दरवाजे पर ही बदमाशों ने उन्हें ताबड़तोड़ 5 गोलियां मारी। सुनील सिंह बर्थ-डे पार्टी से अपने घर लौट रहे थे। उन्होंने घर के दरवाजे पर खड़े होकर पत्नी को आवाज दी। इसी दौरान पीछे से बदमाशों ने गोलियां बरसा दी। फायरिंग के बाद बदमाश वहां से भाग निकले।

गोलियों की आवाज सुनते ही सुनील सिंह के पड़ोसी और उनके परिवार के लोग बाहर निकले, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने इस मामले में सुनील सिंह के छोटे भाई और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया है। सुनील सिंह का भाई से जमीन विवाद चल रहा था। घटना जिले के मुफस्सिल थाने के भुसुन्डा-बहोरा बिगहा मोहल्ले की है।

वहीं इस मामले में मृतक की पत्नी ज्योति सिंह ने बताया कि मेरे पति सुनील सिंह देर रात एक बर्थडे पार्टी से घर लौटे थे। उन्होंने दरवाजा खोलने के लिए मुझे आवाज दी। जैसी ही मैंने दरवाजा खोला पीछे से अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सुनील सिंह के छोटे भाई की पत्नी अंजली सिंह अक्सर जमीन बेचने को लेकर झगड़ा करती थी। कुछ दिन पहले ही इसी मामले को लेकर झगड़ा हुआ था, उसने बिना बताए 5 कट्ठा जमीन भी दलाल से बेच दी थी। छोटे भाई की दिमागी हालत ठीक नहीं होने के कारण हम लोग जमीन बेचने को तैयार नहीं थे। इसी से नाराज होकर छोटे भाई की पत्नी ने मेरे पति की हत्या करा दी।



नागपुर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई पारी मात्र 91 रनों पर सिमटी

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रनों से हराया

एजेंसी/लखनऊ

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में पारी और 132 रन से हराया। सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीसरे दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलियाई टीम 91 रन पर सिमट गई। टीम ने दूसरी पारी में हथियार डाल दिए थे और एक सत्र भी नहीं खेल पाई। रविचंद्रन अश्विन ने 5 विकेट झटके। इसके अलावा रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी को 2-2 विकेट मिले। अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया। स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से थोड़ा संघर्ष किया। उन्होंने नाबाद 25 रन बनाए। टीम इंडिया ने साल 2013 के बाद ऑस्ट्रेलिया को पारी से हराया है। इससे पहले टीम इंडिया 400 रन पर ऑल आउट हो गई और 223 रन की बढ़त हासिल की थी। रोहित शर्मा ने शतक जड़ा।



वहीं रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने अर्धशतक जड़ा। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टोड मर्फी ने 7 विकेट लिए। पहले दिन पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया 177 रन पर ऑल आउट हो गई थी।

दूसरी पारी में भारत के लिए अश्विन ने कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने 37 रन देकर पांच विकेट चटकाए। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा नाबाद 25 रन बनाए. उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय स्पिनर्स के सामने ज्यादा देर नहीं टिक सका। वहीं हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने बैट और बॉल दोनों से प्रदर्शन किया। उन्होंने दोनों पारियों में 7 विकेट चटकाए। इतना ही नहीं, जरूरत पड़ने पर जडेजा ने 70 रनों की उपयोगी पारी भी खेली। जडेजा ने अक्षर के साथ 88 रनों की पार्टनरशिप की।

रविचंद्रन अश्विन ने दोनों पारियों में 8 विकेट चटकाए। साथ ही 23 रन भी बनाए। पहले दिन नाइटवॉचमैन के रूप में उतरे अश्विन ने दूसरे दिन के पहले सेशन तक विकेट गिरने नहीं दिया। वहीं ओपन करने आए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 120 रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम इंडिया को मजबूत शुरूआत दिलाई। उन्होंने केएल राहुल के साथ 76 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इसकी बदौलत भारत मजबूत स्थिति में पहुंचा।

खबरें फटाफट

36 लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

जहानाबाद। बिजली विभाग के द्वारा पूरे जिले बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ में लगातार सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद इसके लोग बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस कड़ी में शनिवार को मीटर बाइपास एवं बिना बैध विधुत कनेक्शन लिए हुए चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ गठित छापेमारी दल ने बिजली चोरी करते हुए 36 लोगों को पकड़ा। विद्युत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि जिले के कतरासीन, चंदू बिगहा, अजय बिगहा, पखनपुर, खरनाग, जलालपुर, ओकरी, अनतपुर, मिजार्पुर, पाठक टोली, शांति नगर आदि जगहों में मीटर जांच अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान में सहायक विधुत अभियंता राहुल कुमार, प्रमोद कुमार निराला कनीय विधुत मोहम्मद रौशन जमाल, कृष्ण कन्हैया,ज्योति प्रकाश पटेल सहित अन्य थे।

किसानों का प्रशिक्षण संपन्न

जहानाबाद। जिला उद्यान कार्यालय के द्वारा शनिवार को मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना अंतर्गत अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान सहायक निदेशक, उद्यान के द्वारा सभी अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों को प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा सभी कृषकों से अपील किया गया कि वो प्राप्त किये गये प्रशिक्षण का लाभ उठा कर अपने को रोजगार बनाये। प्रशिक्षण में सहायक निदेशक उद्यान एवं प्रशिक्षक चितरंजन कुमार द्वारा किसानों को मधुमक्खी पालन का तकनीकी जानकारी दी गई।

गृह आधारित नवजात देखभाल कार्यक्रम से नवजात की हो रही देखभाल

केटी न्यूज/आरा

- आशा घर-घर जाकर कर रही शिशुओं की देखभाल
- माताओं को बताया जा रहा शिशु देखभाल के गुर

प्रसव के बाद नवजात के बेहतर देखभाल की जरूरत बढ़ जाती है। संस्थागत प्रसव के मामलों में शुरूआती दो दिनों तक मां और नवजात का ख्याल अस्पताल में रखा जाता है। लेकिन गृह प्रसव के मामलों में पहले दिन से ही नवजात को बेहतर देखभाल की जरूरत होती है। शिशु जन्म के शुरूआती 42 दिन अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान उचित देखभाल के अभाव में शिशु के मृत्यु की संभावना अधिक होती है। इसको ध्यान में रखते हुए होम बेस्ड न्यूज बर्न केयर (एचबीएनसी) यानि गृह आधारित नवजात देखभाल कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है. इस कार्यक्रम के तहत संस्थागत प्रसव एवं गृह प्रसव दोनों स्थितियों में आशा घर जाकर 42 दिनों तक नवजात की देखभाल करती है। लांसेट की रिपोर्ट के अनुसार शिशु मृत्यु दर के अनेक कारण हैं, जिनमें समय से पहले जन्म एवं कम वजन का होना प्रमुख कारण है। इसकी वजह से 35 प्रतिशत बच्चों की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह 20 प्रतिशत निमोनिया, नवजात की सांस अवरुद्ध होने से मृत्यु होती है, वहीं 16 प्रतिशत घाव का सड़ना या सेप्सिस एवं 9 प्रतिशत विकलांगता से मृत्यु हो जाती है।



अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया नवजात देखभाल के लिये आशाओं द्वारा किए जा रहे गृह आधारित नवजात देखभाल पर अधिक जोर दिया जाता है। इसके लिए आशाओं को निर्देशित भी किया गया है कि वह गृह भ्रमण के दौरान नवजातों में होने वाली समस्याओं की अच्छे से पहचान करें एवं जरूरत पड़ने पर उन्हें रेफर भी करें। आशाएं गृह भ्रमण के दौरान ना सिर्फ बच्चों में सुरक्षा करने का आत्मविश्वास एवं दक्षता को विकसित करना

कार्यक्रम का यह है उद्देश्य

1. सभी नवजात शिशुओं को अनिवार्य नवजात शिशु देखभाल सुविधाएँ उपलब्ध कराना एवं जटिलताओं से बचाना
2. समय पूर्व जन्म लेने वाले नवजातों एवं जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर विशेष देखभाल करना
3. नवजात की बीमारी का शीघ्र पता कर समुचित देखभाल करना एवं रेफर करना
4. परिवार को आदर्श स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित कर सहयोग करना
5. मां के अंदर अपने नवजात स्वास्थ्य की

संस्थागत प्रसव में 6 एवं गृह प्रसव में 7 भ्रमण

एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत आशाएं संस्थागत एवं गृह प्रसव दोनों स्थितियों में गृह भ्रमण कर नवजात शिशु की देखभाल करती हैं। संस्थागत प्रसव की स्थिति में 6 बार गृह भ्रमण करती हैं (जन्म के 3, 7, 14, 21, 28 एवं 42 वें दिवस पर)। गृह प्रसव की स्थिति में 7 बार गृह भ्रमण करती हैं (जन्म के 1, 3, 7,14, 21, 28 एवं 42 वें दिवस पर)।

जमीरा स्थित मठिया के समीप मारी गई गोली, घटना के कारणों का खुलासा नहीं

मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व मुखिया प्रत्याशी के पति को बदमाशों ने मारी गोली, घायल

- नकाबपोश दो बदमाशों पर गोली मारने का आरोप, हाथ में लगी गोली
- घटनास्थल से दो पिस्टल, 16 गोलियां और तीन मैगजीन बरामद
- मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/आरा

जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत जमीरा स्थित मठिया के समीप शनिवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व मुखिया प्रत्याशी के पति को बदमाशों ने गोली मार दी। हालांकि, घटना में उनकी जान बाल बाल बच गई, लेकिन गोली उनके दाहिने हाथ में लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। फिलहाल उनका इलाज आरा में कराया जा रहा है। जख्मी जमीरा गांव निवासी स्व. जयनाथ राय के 45 वर्षीय पुत्र उमेश राय हैं। गत पंचायत चुनाव में उनकी पत्नी मुखिया प्रत्याशी थी। दो नकाबपोश लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना के बाद दोनों भागने में सफल रहे। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने छानबीन के



दौरान मौके से दो पिस्टल, तीन मैगजीन और 16 गोलियां बरामद की है। घटना के पीछे पंचायत चुनाव के समय उपजे विवाद की चर्चा चल रही है। वहीं, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जख्मी उमेश राय ने बताया कि वह रोज की तरह शनिवार की सुबह की भी टहलने निकले थे। उसी दौरान मठिया के पास मुंह बांध दो नकाबपोश बदमाश आ धमके और उन पर फायरिंग कर दी। उसमें उनके हाथ में गोली लग गयी और वह जख्मी हो गए। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले छानबीन की जा रही है। घटनास्थल से दो पिस्टल, तीन मैगजीन और 16 गोलियां भी बरामद की गयी है। उसकी भी जांच की जा रही है। फर्दबयान आने के बाद मामला क्लीयर होगा।

कुत्तों के कारण बच गई जान

बताया जा रहा है कि कुत्तों ने मुखिया प्रत्याशी पति की जान बचा ली। गोली चलने के बाद कुत्तों के भौंकने के कारण हमलावर हथियार फेंक कर भाग निकले। कहा जा रहा है कि जमीरा गांव निवासी मुखिया प्रत्याशी के पति उमेश राय ने दो कुत्ते पाल रखे हैं। दोनों कुत्तों को लेकर वह टहलने निकले थे। हमलावरों द्वारा गोली चलाये जाने के बाद कुत्ते जोर-जोर से भौंकने लगे। उससे पकड़े जाने के डर से हमलावर भाग निकले।

पंचायत चुनाव में हुआ था विवाद

इधर, जख्मी उमेश राय ने बताया कि पूर्व में जमीरा पंचायत से उन्होंने मुखिया पद के लिए चुनाव लड़ा था। उस समय गांव के ही एक व्यक्ति से झगड़ा हुआ था और उसके बाद प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। उसी विवाद के कारण इस घटना को अंजाम देने की आशंका जताई है। हालांकि उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार की आशंका या आरोप नहीं लगाया है। बहरहाल पुलिस छानबीन कर रही है।

एक नजर

आज जहानाबाद के गांधी मैदान से निकलेगी श्रीश्री गौर निताई जी की भव्य शोभायात्रा

जहानाबाद। रविवार की दोपहर जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान से श्रीश्री गौर निताई जी के भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में



जानकारी देते हुए इस्कॉन गया मंदिर अध्यक्ष जगदीश श्याम दास जी ने कहा कि श्रीचैतन्य महाप्रभु के जन्मोत्सव के अवसर पर यह रथ यात्रा पिछले साल से शुरू की गई है। इस बार 12 फरवरी को एक भव्य रथ के ऊपर श्री चैतन्य महाप्रभु जो कि स्वयं कृष्ण है और नित्यानंद प्रभु जो स्वयं बलराम है, दोनों विराजमान हो कर जहानाबाद शहर में भ्रमण करेंगे। बताया कि रथ की उंचाई 35 फीट है। रथ को रंगीन कपड़ों, फूलों तथा लाइट से सजाया गया है। शहर के विशिस्ट अतिथिओं की उपस्थिति में दीप आरती कर इस यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। रथ गांधी मैदान से हॉस्पिटल मोड़, अरवल मोड़, बस स्टैंड, अरवल मोड और हॉस्पिटल मोड़ होते हुए होरीलगंज पहुंचेगी। रथ यात्रा में रस्ते भर सभी को प्रसाद बांटा जाएगा। श्रद्धालु रथ को खींचते हुए चलेंगे। भक्त रथ के सामने कीर्तन करते हुए , नाचते हुए, झूमते हुए चलेंगे। जगह जगह रंगोली बनाया जाएगा। रथ यात्रा में शामिल होने के लिए ओडिशा भद्रक से गोपाल भट्ट दास, श्रीजीव दास, गया से रमाकांत मुरारी दास, राधाकृपा दास, पटना से जितेन्द्रिय कुर्म दास, रम्या गोपिका देवी दासी, रसामृत दास, कुमारी आराधना देवी दासी, कौशल्या नंदन दास, मधुसूदन गोविन्द दास आदि पहुंचे हुए हैं। रथ यात्रा की तैयारी में अमर कुमार, सुशांत गौरव, अभय गुप्ता, अरुण प्रभाकर, अमिश, उत्सव आनंद , चन्दन, हितेश, पवन आदि कार्यकर्ता का सहयोग सराहनीय हैं।

उप मुख्यमंत्री आवास पर कार्यरत सभी कर्मियों को खिलाई गयी फाइलेरिया की दवा

पटना। उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री के निदेर्शानुसार शनिवार को उनके निज निवास में कार्यरत सभी सुरक्षा कर्मी, निजी सहायक तथा गृह कार्य में संलग्न लगभग 250 लोगों को स्पेशल ड्राइव के तहत राज्य सलाहकार, फाइलेरिया डॉ अनुज सिंह रावत के निर्देशन में दवा खिलाई गयी। डॉ. रावत ने सभी को फाईलेरिया बीमारी के लक्षण, उपाय और गंभीरता पर विस्तृत प्रकाश डाला व सभी के प्रश्नों का उत्तर भी प्रदान किया। केयर इंडिया के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक बसब रुज, जिला समन्वयक आलोक कुमार ने भी सभी को विस्तार से बताया और सभी से आग्रह भी किया की यह जानकारी सभी के साथ साझा कर दवा की महत्ता के बारे में जागरूक करें। ज्ञात हो कि राज्य में अभी हाथीपांव के लगभग 95 हजार और हाइड्रोसील के लगभग 17 हजार चिन्हित मरीज हैं। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए राज्य सहित देश भर में शुक्रवार से एमडीए अभियान संचालित किया जा रहा है। राज्य के 24 जिलों में लक्षित लगभग 7.58 करोड़ लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

50 बेड के फैब्रिकेटेड बिल्डिंग का उद्घाटन

जहानाबाद। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सदर अस्पताल में 50 बेड के नए प्रीफैब्रिकेटेड बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया। शनिवार को सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएम एवं माननीय विधायक सुदय यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी होने से स्थानीय लोगों में अपार हर्ष है। सांसद ने बताया कि सरकार क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है। यहां तक कि जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। ताकि, लोगों तक सुलभ और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाया जा सके।

बेटे की शादी की खरीदारी करने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

आरा। भोजपुर में आरा-मोहनियां हाईवे पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सलथर -मलथर गांव के बीच शनिवार की दोपहर बेलगाम स्कॉर्पियो ने बाइक में ठोकर मार दी। उसमे बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी। मृत महिला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पीलापुर गांव निवासी लालबाबू चौधरी की 45 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी थी। हादसे में उनका बेटा रोहित कुमार मामूली रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया।

महिला के बेटे बीकू कुमार ने बताया कि उसके छोटे भाई रोहित और गौतम की शादी होने वाली है। उसको लेकर उसकी मां शादी का कपड़ा खरीदने के लिए रोहित के साथ बाइक से आरा आ रही थी। उसी दौरान सलथर और मलथर गांव के भी पीछे से आ रही बेलगाम स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। उससे दोनों बाइक से गिर पड़े। उसमें उसकी मां कुसुम देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई, जबकि रोहित मामूली रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसकी मां को आनन-फानन में पहले शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया था। वहां उनकी हालत बिगड़ता देख उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बच्चा जनने के दो दिन बाद महिला की मौत, हंगामा

- स्थिति बिगड़ने पर पटना ले जाने के दौरान रास्ते में गई महिला की जान
- परिजन बोले- हेपेटाइटिस बी होने की जानकारी के बाद भी डॉक्टर ने कर दिया ऑपरेशन

केटी न्यूज/आरा

सदर अस्पताल में बच्चा जनने के बाद प्रसुता की मौत हो गयी। ऑपरेशन के जरिए महिला का प्रसव कराया गया था। इधर,मौत के दो दिन बाद महिला के परिजन अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा मचाया। परिजन डाक्टर पर इलाज में लापरवाही करने और हेपेटाइटिस बी होने की जानकारी के बाद ऑपरेशन



करने का आरोप लगा रहे थे। इससे अस्पताल में देर तक अफरातफरी मची रही। बाद में अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मियों और मौजूद लोगों के समझाने पर मामला शांत हो सका।

मृत महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुशहालपुर गांव निवासी प्रदुमन कुमार की 24 वर्षीया पत्नी प्रियंका कुमारी है। प्रदुमन कुमार ने बताया कि 8 फरवरी को वह अपनी पत्नी को प्रसव कराने आरा सदर अस्पताल के प्रसूति वार्ड लेकर आए थे। वहां महिला चिकित्सक द्वारा जांच कर ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। उसके बाद ऑपरेशन किया गया और उसे बेटा पैदा हुआ। इसके बाद डॉक्टर द्वारा बताया गया कि उनकी पत्नी को हैपेटाइटिस बी है और तबीयत काफी खराब हो रही है। उसके बाद महिला चिकित्सक द्वारा उसे पटना रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के दौरान ही उसकी पत्नी की मौत हो गयी। वहीं उसके नवजात बेटे का इलाज पटना के निजी अस्पताल में चल रहा है। दाह-संस्कार के बाद वह महिला डाक्टर से यह जानने आया था कि हेपेटाइटिस बी के बारे में जानकारी होने और उसके परिजनों को बिना बताए ऑपरेशन क्यों किया गया। हालांकि इस संबंध में अस्पताल प्रशासन का बयान नहीं मिल सका है।

सासाराम सदर अस्पताल: प्रतिमाह 6 से 7 कुपोषित बच्चे एनआरसी में होते हैं भर्ती

कुपोषित बच्चों को पोषित करने में जुटा सदर अस्पताल

केटी न्यूज/सासाराम



स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति लगातार प्रयासरत है। बच्चों में कुपोषण एक बडी समस्या है। कुपोषण को दूर करने के लिए सदर अस्पताल का पुनर्वास केंद बेहतर कार्य कर रहा है। कुपोषण से लड़ने के लिए हम सभी को आगे आना होगा।
- डॉ. केएन तिवारी,
सिविल सर्जन रोहतास

कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके लिए अस्पतालों में पोषण पुनर्वास केंद की स्थापना कर कुपोषित बच्चों को पोषित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत सासाराम सदर अस्पताल स्थित बीस बेडों का पोषण पुनर्वास केंद सह शिशु वार्ड जिले के कुपोषित बच्चों को पोषित करने में जुटा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार उक्त पोषण पुनर्वास केंद्र में प्रतिमाह औसतन 6-7 कुपोषित बच्चे भर्ती होते हैं जबकि सालाना औसतन 80 से 90 बच्चों का इलाज किया जाता है। सदर अस्पताल अस्पताल स्थित पोषण पुर्नवास केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में कुल 100 बच्चों का इलाज किया गया। जबकि वर्ष 2022 में कुल 89 कुपोषित बच्चों का इलाज किया गया। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 2022 के जनवरी में 6 बच्चों का इलाज किया गया, फरवरी में 06, मार्च में 08, अप्रैल में 06, मई में 07, जून में 09, जुलाई में 12, अगस्त में 09, सितंबर में 14, अक्टूबर में 05, नवंबर में 04, दिसम्बर में 04 बच्चों का इलाज किया गया था।

कुपोषण को दूर करने के लिए सहयोग की जरूरत : पोषण पुनर्वास केंद्र की इंचार्ज रिया कुमारी ने बताया कि कुपोषण को लेकर लोगों में अभी भी लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। कुछ बच्चे ऐसे आते हैं जो कुपोषित होते हैं जब उनके परिजनों को भर्ती कराने की बात कही जाती तो वो लोग भर्ती कराने से दूर भागते हैं। उन्होंने बताया कि कुपोषित बच्चों की पहचान कर पुनर्वास केंद्र तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ साथ आरबीएसके को भी जिम्मा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले से बच्चों में कुपोषण को दूर करने में सबकी सहभागिता जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ पहाड़ी क्षेत्रों में बसे लोगों में कुपोषण को लेकर जागरूक करना पड़ेगा और लोगों को बच्चों में कुपोषण की पहचान करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि बच्चों में असामान्य रूप से फैट कम होना, सांस लेने से संबंधित परेशानी, संक्रमण, छोटा कद, स्वास्थ्य गिरना, मांसपेशियों में कमजोरी ये सब मुख्यतः कुपोषण के लक्षण हैं। वहीं कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केंद में 14 से 21 दिनों तक भर्ती कर पोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कुपोषित बच्चों के साथ साथ उनकी माँ को सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।



खबरें फटाफट

यूपी से शराब पी बिहार आने वाले चार छात्र पकड़ाए

चौसा। शराब की लत जो न करा दें। यूपी के चार छात्रों को उस वक्त शर्मसार होना पड़ा जब वे एक कार पर सवार हो शराब के नशे में बिहार की सीमा में प्रवेश कर गए। उनके साथ कार में एक छात्रा भी थी। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा यादव मोड़ के पास उनपर उत्पाद विभाग की नजर पड़ गई। पुलिस ने उनकी गाड़ी रूकवा जब उनकी पड़ताल की तो कार में चार सवार चारों युवक नशे में थे। उनके साथ एक छात्रा भी थी। जब पुलिस ने चारों को हिरासत में लिया तो पहले तो वे घंटों पुलिस को छकाते रहे। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया कि सभी लोग एक ही परिवार के है तथा बक्सर के किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहे है। लेकिन पुलिस ने जब पूछताछ की तथा जेल भेजने की धमकी दी तब चारों टूट गए तथा सच्चाई उनके मुंह से निकल पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार चारों यूपी के गाजीपुर जिला के रहने वाले थे तथा बनारस में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे।

11 धंधेबाज व 25 पियक्कड़ पकड़ाए

बक्सर। उत्पाद विभाग की टीम द्वारा बॉर्डर चेक पोस्ट और अलग अलग स्थानों से यूपी की सीमा से शराब लेकर जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले 11 धंधेबाजों के साथ साथ 25 पियक्कड़ों को हिरासत में लिया गया। जिनमें से 11 धंधेबाजों को शनिवार को जेल भेज दिया गया और 25 पियक्कड़ों को जुर्माना लगाने के लिए न्यायालय में पेश किया गया। मद्यनिषेध व उत्पाद विभाग के निरीक्षक दिलीप कुमार पाठक ने बताया कि टीम द्वारा वीर कुंवर सिंह सेतु चेकपोस्ट, जवही दियर, कृतपुरा गंगा घाट तथा देवल कर्मनाशा पुल के रास्ते जिले की सीमा में शराब लेकर आ रहे धंधेबाजों तथा नशे की हालत में आ रहे पियक्कड़ों को हिरासत में लिया गया है।

कच्चा तेल लेकर जा रहा टैंकर नुआंव के पास पलटा, बर्तन में भरकर ले गए लोग

- हजारों लिटर कच्चा तेल खेत में गिरकर हुआ बर्बाद
- कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नुआंव गांव के पास की है घटना
- सूरत से अररिया जा रहा था टैंकर, क्रेन के सहारे टैंकर को सीधा किया गया

केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म





शनिवार की अहले सुबह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नुआंव गांव के पास कच्चे तेल से लदी एक टैंकर एनएच 922 के किनारे पलट गया। इस घटना में हजारों लिटर कच्चा तेल जमीन पर गिरकर बर्बाद हो गया है। आस पास के लोगों को इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तेल लूटने के लिए होड़ मचा दी। लेकिन तत्काल कृष्णाब्रह्म पुलिस मौके पर पहुंचे उनके मंसूबों पर पानी फेर दी। लोगों ने कहा कि गनीमत रहा कि तेल सड़क पर नही गिरा, नही तो वाहनों के फिसलने कई और हादसा हो सकता था। बाद में पुलिस ने क्रेन के सहारे टैंकर को सीधा कर थाना पर ले गई। हालांकि टैंकर पलटने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस उसके चालक व खलासी से पूछताछ कर मामले की तहकीकात कर रही है।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गुजरात के सूरत अडानी पोर्ट से एक टैंकर कच्चा तेल भर कर बिहार के अररिया जा रहा था। जो अहले सुबह नुआंव गांव के समीप पलट गया। उसके बाद टैंकर से तेल गिरने लगा जहां एक अनुमान के मुताबिक हजारों लीटर कच्चा तेल गिर कर बर्बाद हो गया। जिसकी कीमत लाखों में बताई जाती है। थानाध्यक्ष ने तत्काल टैंकर की सुरक्षा के लिए पुलिस को तैनात किया था। टैंकर चालक मध्य प्रदेश के सरमन बाजार शुक्ल अमेठी का रहने वाला बताया जाता है। जिस स्थान पर टैंकर पलट गया था वहां गढ़े में तेल हीं तेल नजर आ रहा था। टैंकर हटते हीं तेल लूटने वाले लोगों की भीड़ लग गई जहां पर प्लास्टिक के जार, बाल्टी सहित जिसको जो बर्तन मिला तेल भर कर लोग भागने लगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर के तत्वावधान में लगा लोक अदालत, निपटारे के लिए बने थे 17 बेंच

वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से निपटे 1922 मामले

- 4 करोड़ 64 लाख 99 हजार रुपए की रिकवरी कर कराया गया मुकदमों का सुलह
- जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अंजनी कुमार सिंह ने किया उद्घाटन

केटी न्यूज/बक्सर



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के तत्वावधान में शनिवार को वर्ष 2023 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अंजनी कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार तिवारी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बबन ओझा, सचिव बिंदेश्वरी पांडेय, और उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी व कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजनी कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार धर्मेंद्र कुमार तिवारी, जिला बार एसोसिएशन, बक्सर के अध्यक्ष बबन ओझा, सचिव, बिंदेश्वरी पांडेय ने संयुक्त रूप से मंच का संचालन किया। सुबह साढ़े दस बजे शुरू हुए इस लोक आदालत में संवाद संप्रेषण तक कुल 1922 मामलों का निष्पादन कर लिया गया था।

मुकदमें के निपटारे का सुलभ रास्ता है लोक अदालत - अंजनी कुमार सिंह

अपने संबोधन में जिला न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत सुलभ और एक ही दिन में मुकदमे के निपटारे का सबसे बढ़िया रास्ता है। इसमें कोई भी व्यक्ति अपने वाद का निपटारा सुलह समझौते के माध्यम से करा सकता है। उन्होंने लोक अदालत में आने वाले सभी पक्षकारों को लोक अदालत में स्वागत किया और कहा कि आशा करता हूं कि सुलह के आधार पर अपने-अपने वादों का निष्पादन वे करवाएंगे। मंच संचालन कर रहे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि इस अवसर को हम लोग एक राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाते हैं। वाद के दोनों पक्षकार स्थानीय न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में अपने-अपने वादों को लेकर दौड़ते रहते हैं और उनके मुकदमे का निपटारा नहीं होता। यदि अपने मुकदमों का निपटारा करवाना चाहते हैं तो सीधे लोक अदालत में आए और एक ही दिन में अपने वादों का निपटारा सुलह के आधार पर करवाए। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन इस उद्देश्य से ही किया जाता है कि व्यवहार न्यायालय पर बढ़ रहे मुकदमों के बोझ को कम किया जा सके। साथ में लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध करवाना है। उन्होंनें कहा कि लोक अदालत जनता की अदालत है। जिसमें आपकी सहमति से ही आप के द्वारा किया गए मुकदमों को सुलह के आधार पर निपटारा करवाया जाता है। दोनों पक्षों के सुलह होने पर अवार्ड बनता है, जिससे दोनों पक्षों को दिया जाता है और एक कॉपी न्यायालय में भी रखा जाता है।

विभिन्न विभागों के वादों का हुआ निपटारा

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक के 1519 व भारत संचार निगम लिमिटेड के 07, खनन विभाग के 05, श्रम विभाग के 10, आपराधिक 165 वाद, चेक बाउंस के 07, मोटर वाहन अधिनियम के 05 जिसमें 24 लाख 70 हजार रुपए की रिकवरी की गई। विद्युत कंपनी के 199 मामले का निपटारा कराया गया। जिले के विभिन्न बैंकों ने 1519 मामलों में हुए निषादन में इस दौरान 4 करोड़ 64 लाख 99 हजार 658 रुपए की रिकवरी हुई। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की तरफ से एक मोटर वाहन दुर्घटना के मामले में पैनल अधिवक्ता विष्णु द्विवेदी ने 5,000,00 रुपए की समझौता राशि पर हस्ताक्षर किया। मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक राय, मनोज सिंह, बिजेन्द्र कुमार, आशुतोष सिंह, अवर न्यायाधीश, संतोष कुमार, सीमा कुमारी, प्रधान मजिस्ट्रेट, राजेश सिंह, संजय कुमार सरोज, प्रीति आनंद, डिंपी कुमारी आदि उपस्थित थे।

एक नजर

चौगाई अंचल कार्यालय में निजी व्यक्ति द्वारा राजस्व कर्मी का काम किए जाने का मामला तूल पकड़ा

मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश, हो सकती है कार्रवाई

चौगाई। पिछले दिनों चौगाई अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मी कक्ष में एक निजी व्यक्ति घनश्याम पांडेय द्वारा ताला खोलने तथा राजस्वकर्मी के कुर्सी पर बैठ कागजातों का निरीक्षण करने का मामला तूल पकड़ लिया है। पिछले मंगलवार को एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें देखा जा रहा है कि घनश्याम पांडेय राजस्वकर्मी रामबदन तिवारी के कार्यो को निपटा रहे है। जानकारों का कहना है कि वह राजस्वकर्मी का दलाल है तथा राजस्व कर्मी के नाम पर सारे कामों को वही निपटाता है। बदलें में आम लोगों से काम के एवज में मोटी रकम वसूलता है। वह कई बार राजस्वकर्मी के साथ भी कुर्सी पर बैठा देखा गया। वीडियो वायरल होने के बाद केशव टाईम्स द्वारा इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद चौगाई के ही एक सामाजिक कार्यकर्ता ने इस खबर को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया। संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री ने इसके जांच के आदेश दे दिए है। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी व रेवन्यू विभाग को जांच करने का आदेश दिए है। बताते चलें कि चौगाई अंचल कार्यालय में आए दिन कर्मचारियों की उपस्थिति या अनुपस्थिति में सारा दस्तावेज प्राइवेट आदमी के हाथों में देखा जाता हैं। जानकारों का कहना है कि उक्त दलाल हर दिन काम कराने आने वाले लोगों से मोटी रकम वसूलता है। अब देखना है कि मुख्यमंत्री द्वारा जांच के आदेश देने के बाद जिला प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई कर रहा है।

15 फरवरी की रैली को सफल बनाने के लिए भाकपा माले का प्रचार अभियान तेज

डुमरांव। 15 फरवरी को भाकपा माले की आहूत लोकतंत्र बचाओ-देश बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए डुमरांव प्रखंड में जीप प्रचार निकाला गया। जीप प्रचार नया थाना से प्रचार करता निकला। जिसका नेतृत्व डुमरांव सचिव सुकर राम, आइसा सचिव धनजी सुकर, इनौस नेता शैलेन्द्र पासवान, नगर सचिव कृष्णा राम, रिंकू कुरैशी, ललन राम कर रहे हैं। यह जीप प्रचार शनिवार को क्षेत्र के बनकट, महरौरा, मठिला, कोरान सराय, लाखन डिहरा, अरियांव, नंदन, राजडीहा, नया भोजपुर, पुराना भोजपुर सहित दर्जनों गांवों में जाकर लोगों को लोकतंत्र बचाओं-देश बचाओं रैली में शामिल होने की अपील कर रहा था। प्रचार वाहन को बैनर, झंडे, माइक, हार्न से सजाकर निकाला गया है। प्रचार के दौरान अपने संबोधन में सुकर राम ने कहा कि रैली में मुख्यतः बिहार के तमाम जिलों से हजारों की तादाद में खेत ग्रामीण मजदूर, किसान, महिलाएं, छात्र-नौजवान, स्कीम वर्कर, दलित-अल्पसंख्यक और बुद्धिजीवियों समेत तमाम तबके व हिस्से के लोग शरीक होंगे। यह रैली मोदी राज के खिलाफ बिहार व देश में चले तमाम आंदोलनों व सवालों को मुखरता व पूरी ताकत से अभिव्यक्त करेगी। रैली बुलडोजर राज, वास-आवास व रोजी-रोटी से विस्थापन, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य, एमएसपी गारंटी, बटाईदारों के अधिकार व सुरक्षा आदि सवालों पर भी केंद्रित होगी। रैली के मुख्य वक्ता कॉ दीपांकर भट्टाचार्य होंगे। इसके अलावा भाकपा-माले के कई राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय नेता भी रैली को संबोधित करेंगे।



आज होगा प्रादेशिक अन्नदाता-श्री अन्न महोत्सव का उद्घाटन

बक्सर। मोटे अनाज (मिलेट्स) के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए रविवार को आथर में आयोजित एक दिवसीय प्रादेशिक अन्नदाता-श्री अन्न महोत्सव का केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे उद्घाटन करेंगे। इसका आयोजन प्राथमिक कृषि साख सोसायटी ब्लूपैक्सब्ल व एनसीडीईएक्स आइपीएफ ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। इसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष प्रयास से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया है। इसके प्रति जनमानस में जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज दुनिया में मोटे अनाज का प्रमुख उत्पादक देश भारत हैं, जिसमें कनार्टक का प्रमुख योगदान है। मोटे अनाज का उत्पादन किसानों के लिए लाभकारी है। इसमें पानी की जरूरत काफी कम होती है, जिसका पथरीली भूमि पर भी उत्पादन किया जा सकता है। मोटे खाद्यान्न उत्पादन के सभी बिंदुओं पर विशेषज्ञ प्रकाश डालेंगे।

एनीमिया की दवा के लिए मिला शिक्षकों को प्रशिक्षण

केसठ। प्रखंड के बीआरसी में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के प्रखंडस्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। प्रशिक्षण का नेतृत्व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने किया। उन्होंने एनीमिया बीमारी के लक्षण एवं उसके बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 0 से 12 वर्ष तक के बच्चों को दो प्रकार की गोली देनी है। इसे खिलाने में शिक्षकों का योगदान अहम है। बच्चों को तंदुरुस्त एवं शारीरिक विकास के लिए दवा खिलाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वाद का फीकापन, होठों के किनारे दरार एवं पलक के नीचे पीलापन होने पर तुरंत सूचित करें। उन्होंने सभी शिक्षकों से सहयोग करने को लेकर अपील की। मौके पर चंदन कुमार, अयोध्या प्रसाद, नसरुद्दीन अंसारी, प्रमोद कुमार चौबे समेत अन्य लोग मौजूद थे।

सिकरौल में 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

केटी न्यूज/डुमरांव

सिकरौल थाना क्षेत्र में 10वीं में पढ़ने वाली एक छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के सूचना पर महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में भेज दिया।

महिला थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को सिकरौल थाना क्षेत्र के एक गांव में मैट्रिक की छात्रा ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। उसी दौरान गांव के एक सुनसान गली में छात्रा को आरोपितों ने अपने कब्जे में कर लिया। आरोपितों ने छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना छात्रा के परिजनों को मिली। छात्रा के परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना सिकरौल थाना पुलिस के सहयोग से महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। एफआईआर दर्ज होते ही महिला थाना पुलिस हरकत में आ गई। महिला थाना पुलिस ने सिकरौल थाना पुलिस के सहयोग से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। महिला थाना पुलिस के मुताबिक बलवंत और पवन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मामले में चार नामजद के साथ एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। महिला थानाध्यक्ष कंचन कुमारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बड़ी घटना को अंजाम देने निकले चार अपराधी गिरफ्तार

राजपुर। राजपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के बघेलवा मोड़ के पास गश्ती अभियान के दौरान एक ब्लू रंग की पल्सर बाइक पर सवार चार युवकों को एक देशी कट्टा, पांच कारतूस तथा छह मोबाईल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चारों अपराधी रोहतास जिले के रहने वाले है तथा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने निकले थे। लेकिन समय रहते पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में योगेश कुमार पिता कौशल सिंह ग्राम धनखड़ थाना मुफस्सिल, रोहतास, बिट्टू कुमार पिता सिद्धेश्वर सिंह ग्राम सिवान थाना करगहर, हेमंत कुमार पिता विनय कुमार ग्राम कंचनपुर, मुफस्सिल रोहतास तथा प्रियांशु कुमार पिता राधेश्याम साह अंबेडकर पथ सासाराम है। चारों की उम्र महज 19-22 वर्ष के बीच है।

डीएम और एसपी ने 68 वी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को कदाचार मुक्त कराने का दिया निर्देश

- इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मोबाईल आदि के इंट्री रोकने का विशेष निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर



रविवार को बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित कराए जा रहे 68 वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के सफल व कदाचारमुक्त आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। पूर्व संध्या पर शनिवार को डीएम अमन समीर व एसपी मनीष कुमार ने समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में संयुक्त प्रेस ब्रिफ किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने कहा कि आयोग के निदेर्शानुसार व कदाचारमुक्त परीक्षा कराने के लिए हर जरूरी तैयारी पूरी कर ली गई है। डीएम एसपी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इसके अलावे वहा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं मोबाईल फोन को अंदर ले जाने की अनुमति किसी भी परीक्षार्थी को नहीं है। वीक्षकों को भी परीक्षा कक्ष में मोबाईल नहीं ले जाना है। डीएम ने कहा कि सभी केन्द्राधीक्षकों के माध्यम से इसकी जानकारी वीक्षकों तक पहुंचा दी गई है। वही वीक्षकों का चयन रैंडम तरीके से होगा। जिससे कदाचार की संभावना नहीं रह जाएगी। डीएम एसपी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर काफी सख्त व्यवस्था रहेगी तथा परीक्षार्थियों के साथ ही वीक्षकों को भी बिहार लोक सेवा आयोग के निदेर्शों का पालन करना होगा।

अप्रैल में चुनाव होने की संभावना जता रहे हैं सूत्र, आयोग ने मांगी अद्यतन मतदाता सूची

डुमरांव में नगर परिषद् चुनाव होने की बढ़ी सुगबुगाहट

- डुमरांव नगर परिषद का चुनाव नई मतदाता सूची के आधार पर कराया जायेगा
- चाय की चुस्कियों के बीच चुनावी चर्चा-ए-आम हो गयी है

केटी न्यूज/डुमरांव



नगर निकाय के तीसरे चरण के आम चुनावों के तहत शेष बचे 24 नवगठित नगर निकायों में चुनाव अप्रैल माह में होने उम्मीद बढ़ गई है। अप्रैल के पहले सप्ताह में इसकी अधिसूचना जारी होने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए अद्यतन मतदाता सूची की मांग की है। डुमरांव नगर परिषद का चुनाव नई मतदाता सूची के आधार पर कराया जायेगा। निकाय चुनाव के स्थगित 24 नगरपालिकाओं के तीसरे चरण में डुमरांव भी शामिल है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी तेज कर दी है। संभावित चुनाव को लेकर डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में चुनावी रंग चढ़ने लगा है। भावी उम्मीदवार वोटरों के दरवाजे पर दस्तक देने लगे है। चुनावी समर में उतरने वाले वैसे उम्मीदवारों से शहर का कोना-कोना बैनर-पोस्टरों से पटा है। चाय के चुस्कियों के बीच चुनावी चर्चा-ए-आम हो गयी। संभावित चुनाव का ऐसा रंग चढ़ा कि वार्डों में पार्षद पद पर चुनाव लड़ने वालों की संख्या कम दिख रही है।

वहीं मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद के भावी दावेदारों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। नगर पर्षद का दायरा बढ़ने के बाद पहली बार वोटर मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद का चुनाव करेंगे। परिसीमन के बाद नप क्षेत्र में 35 वार्ड बनाये गये है। सरकार के निर्देश के बाद बदली इस व्यवस्था में नप के मंझे हुए खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ गयी है। क्षेत्र विस्तार उनके लिए बना-बनाया खेल बिगाड़ दिया है। पीएम आवास योजना, नल-जल योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सहित अन्य कामो को लेकर अपने चहेते पार्षदों को खोजते-खोजते वार्डवासियों के पैरों में छाले पड़ जाते थे लेकिन चुनाव की नजदीकी आगाज होने की सुगबुगाहट होते ही पार्षद वोटरों के दिल जीतने के लिए मेल-जोल बढ़ाना शुरू कर दिया है। डुमरांव नप के दायरा बढ़ने के बाद नई निकाय सरकार में 12 गांवों को भी शहरी लाभ मिलेगा। पंचायती राज के बाद नगर निकाय में शामिल होते ही इन गांवों में भी भावी प्रत्यशियों की चुनावी समीकरण में भाग्य आजमाने की ललक बढ़ गयी है। पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, बनकट और महरौरा सहित 12 गांवों के विकास के मामले में बेहतर बनाने के लिए इन गांवों में भी मुख्य पार्षद के उम्मीदवारों की संख्या दर्जनों से अधिक है।

आरबीएनएल के सीएमडी ने ताड़ीघाट-मऊ नई रेल लाइन का किया निरीक्षण

केटी न्यूज/गाजीपुर

- 20 मार्च तक हर हाल में कार्य पूरा करने का दिया निर्देश
- अब तक निर्माण कार्य पूरा न होने पर जताई नाराजगी, कहा परियोजना पर प्रधानमंत्री कार्यालय की नजर, इसमें किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं
- कार्यदायी संस्था एवं अन्य मातहतों, इंजीनियरों संग की समीक्षा बैठक

आरबीएनएल (रेल विकास निगम लिमिटेड) के सीएमडी (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक) प्रदीप गौर ने शनिवार को सोनवल एलसी -9 सी पहुंचे, जहां से उन्होंने पहले चरण की चौदह किमी लंबी ताड़ीघाट मऊ नई रेल लाइन का मोटो ट्राली से पूरे परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं रेलवे के अन्य को हिदायत दिया कि आगामी बीस मार्च तक हर हाल में परियोजना के सभी निर्माण कार्य पूरे कर इसे हैंडओवर कर दिया जाए। अन्यथा कार्रवाई संबन्धित के खिलाफ निश्चित है। उनके कड़े तेवरों के चलते सभी सहमे रहे। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने घाट स्थित आरबीएनएल ने गेस्ट हाउस स्थित कांफ्रेंस हाल में कार्यदायी संस्था एवं अन्य मातहतों, इंजीनियरों संग



घंटों समीक्षा की।

इस दौरान उन्हें प्रोजेक्टर के जरिए इस पहले चरण की परियोजना की विस्तृत तरीके से जानकारी दी गई। समीक्षा एवं निरीक्षण के दौरान उन्होंने अब तक निर्माण कार्य पूरा न होने पर नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया कि यह परियोजना पर प्रधानमंत्री कार्यालय की भी नजर है ,इसमें किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं है।

मालूम हो कि सीएमडी प्रदीप गौर अपने निरीक्षण के दौरान, ट्रैक लिंकिंक, इलेक्ट्रिफिकेशन, प्लेटफार्म, रिले रूम, पैनल रूम, यार्ड परिसर में बन रहा आवास, लोकेशन बाक्स, सिग्नल से सम्बन्धित सहित अन्य कार्यो के बारे में हरेक बिंदुओं पर जानकारी ली। इस दौरान सीएमडी ने निर्देशित किया कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के हर जरूर को ट्रायल से पहले पूरा कर लिया जाए।

इस निरीक्षण के दौरान आरबीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा, इलेक्ट्रिक के जीएम पीयूष कुमार, पीईडी कमल नयन, परियोजना निदेशक जीवेश ठाकुर, एसपी सिंग्ला के पीएम अमनदीप गोयल, विपिन गर्ग, जीपीटी इंफ्रा प्रोजेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट अश्वनी कुमार, सुनील सिंह, राकेश,विद्युत रहे। अनुज अवस्थी, अजय राय, रितेश कुमार आदि मौजूद रहे। इस संबंध में आरबीएनएल के सीएमडी प्रदीप गौर ने बताया कि 20 मार्च तक कार्य पूरा करने के निर्देश दे दिए गए हैं,परियोजना का ट्रायल निर्धारित समय में किया जाएगा। उन्होनें बताया कि परियोजना का कार्य अपने अंतिम चरण में है ,जो तेजी से जारी है।

खबरें फटाफट

युवक की चाकू मारकर हत्या

मऊ। दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया मोहल्ले में आपसी रंजिश में एक युवक को चाकू से मार कर घायल कर दिया गया। जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। बताया जाता है कि विजय बहादुर यादव उर्फ बबलू पुत्र स्वर्गीय रामकेवल यादव निवासी रामपुर चकिया थाना टोला का कुछ दिन पहले ही आपसी रंजिश को लेकर समझौता हुआ था। उसी विवाद को लेकर उसी की जात बिरादरी वालों ने दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया शराब भट्टी के पास चाकू से प्रहार कर दिया। जिसमें विजय बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से गुस्साए परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया।

आईकॉन अस्पताल में मरीज के परिजनों ने किया हंगामा

मऊ। जनपद के सहादतपुरा स्थित आईकॉन हॉस्पिटल में मरीजों से धन उगाही के मामले को लेकर मरीज के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि जनपद बलिया रछौली गांव निवासी लालमुनी के पति की उल्टी होने पर शुक्रवार की देर रात लगभग 11:30 बजे मऊ स्थित आईकॉन अस्पताल में भर्ती कराया। सुबह होते ही मरीज की पत्नी लालमुनी ने आरोप लगाया कि अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा 26000 का बिल देकर पैसे के भुगतान के लिए दबाव बनाया जाने लगा। यह देख अन्य मरीजों ने भी धन उगाही की बात कही।

बाइक के धक्के से घायल वृद्ध की मौत

बलिया। सिकंदरपुर बिल्थरा मार्ग पर मालदह तो चट्टी के समीप बाइक के धक्का से 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी पहचान थाना नगरा अंतर्गत करसी गांव निवासी दुर्योधन वर्मा के रूप में हुई है।

कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली को लेकर गाजीपुर डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश

खनन माफिया पर रखें पैनी नजर, हर हाल में रोकें अवैध खनन : जिलाधिकारी

केटी न्यूज/गाजीपुर

- जिन विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी
- 15 फरवरी को अभियान चलाकर नगर पालिका व नगर पंचायतों में अवैध अतिक्रमण को खाली करवाने का निर्देश
- आबकारी अधिकारी को अवैध एंव नकली शराब बिक्री पर नजर रखने तथा किसी भी दशा में अवैध शराब की तस्करी व बिक्री न होने देने को कहा

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली और मासिक स्टाफ बैठक रायफल क्लब सभागार में हई। डीएम ने चकबंदी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, नगर पालिका, आडिट आपत्ति, अंश निर्धारण, आईजीआरएस, मोटर देय, काउंडर फाइल के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, परिवहन, खनन, विद्युत, मंडी, परिवहन निगम की वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली में प्रगति लाने का निर्देश दिया। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि खनन/एण्टी भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके उपर वैधानिक कार्यवाही की जाय। उन्होने खनन अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गंगा नदी में बाढ की स्थिति कम हुई है, ऐसे में खनन माफिया सक्रिय होंगे इस पर पैनी नजर रखते हुए किसी भी दशा में अवैध खनन न होने दिया जाए। इनकी सूची तैयार की जाए। आबकारी अधिकारी को अवैध एंव नकली शराब बिक्री पर नजर रखने तथा किसी भी दशा में अवैध शराब की तस्करी/ बिक्री न होने देने को कहा।

उन्होंने कहा कि यदि जनपद में कहीं किसी भी व्यक्ति की मृत्यु जहरीली शराब के कारण होती है तो सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह उसे पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कम राजस्व वसूली वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।



उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी। उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित विभागीय अधिकारी की होगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका/नगर पंचायतों में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए 15 फरवरी 2023 को अभियान चलाकर नगर पालिका/नगर पंचायतों में अवैध अतिक्रमण को खाली करवाने का निर्देश दिया।

16 व 17 फरवरी को हटेगा सरकारी जमीनों से कब्जा

सभी तहसीलों के ग्राम पंचायतों में सरकारीभूमि/तालाब/चारागाह/खेल मैदान एवं अन्य सरकारी जमीनों पर कब्जा हटाने के लिए 16 से 17 फरवरी निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मासिक स्टाफ बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। जिसमें लंबित प्रकरण एवं विवादित प्रकरण, दाखिल खारिज, विवादित वादों का निस्तारण करने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में समीक्षा करते हुए राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुण एवं दोष के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि सरकार की राजस्व योजनाओं का लाभ जन सामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके।

एक नजर

गाजीपुर में पर्यटन व विकास को बढ़ावा देने के लिए डीएम ने कलेक्टर घाट का किया निरीक्षण

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने शनिवार को पर्यटन व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर घाट का निरीक्षण किया। जनपद स्थित कलेक्टर घाट का पर्यटन विकास/सौन्दर्यीकरण, सांस्कृतिक गतिविधियों को कराए जाने के लिए घाट का निरीक्षण किया गया। घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच, गंगा आरती प्लेटफार्म तथा चेन्जिंग रूम व शौचालय का निर्माण कराया जाना है। जिसका आगणन कर पर्यटन निदेशालय को प्रेषित किया जाना है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया कि कलेक्टर घाट के नाले पर कचरों की रोकथाम के लिए जाली लगाने तथा घाट पर साफ-सफाई का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्त, उपजिलाधिकारी प्रतिभा मिश्रा, पर्यटन सूचना अधिकारी दिव्या तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गाजीपुर लालचन्द सरोज, जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार तथा कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 इकाई-3 के अभियन्ता जेपी सिंह उपस्थित रहे।

शिक्षामित्र के त्रयोदशाह कर्म पर स्मार्ट क्लास के लिए परिजनों ने किया सहयोग

गाजीपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमन्त राव के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय कन्हईपुर शिक्षा क्षेत्र सैदपुर के दिवंगत शिक्षामित्र स्व० सुभाष चन्द्र यादव के त्रयोदशाह संस्कार समारोह पर उनके तैनाती स्थल प्राथमिक विद्यालय कन्हईपुर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में छात्र-छात्राओं के बेहतर शिक्षण के लिए उनके परिवारीजनों के सहयोग से विद्यालय में स्मार्ट क्लास के लिए स्मार्ट टीवी, बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा में डेक्स व ब्रेंच प्रदान किया गया, जो काफी प्रशंसनीय एवं अनूठा कदम रहा। इसके प्रेरणाश्रोत रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमन्त राव ने कहा कि इस प्रकार का पुनित कदम दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे ना ही सिर्फ उन गरीब बच्चों के शैक्षणिक विकास में सहयोग होगा अपितु एक समृद्ध वातावरण का निर्माण भी होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवारजनों को इस पुनित कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सैदपुर आलोक कुमार, जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सुरेन्द्र सिंह यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवनीश यादव, जिलाध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ राधेश्याम यादव, अभिभावक गण आदि लोग मौजूद रहे।

डेढगावां ने पकड़ी को 10-8 से शिकस्त दे जीता जूनियर स्कूलीय खो-खो चैंपियनशिप

गाजीपुर। रेवतीपुर थाने के डेढगावां स्थित श्रीकृष्ण इंटरकालेज के खेल मैदान पर शनिवार को जूनियर स्कूलीय खो- खो चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला गया। मेजबान डेढगावां ने पकडी को दो सेट तक चले कडे मुकाबले में 10 -8 से शिकस्त देकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राजेश राय ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इस खेले गए फाइनल मुकाबले में मैन आफ द मैच शिवानी गुप्ता जबकि मैन आफ द सीरिज का पुरस्कार दिव्य राय को मिला। इस प्रतिष्ठित खो- खो की शुरूआत से ही दोनों टीमों के खिलाडियों ने काफी शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेले गए पहले सेट में मेजबान डेढगावां ने पकड़ी को लगातार दो सेट तक चले इस मुकाबले के पहले सेट में 5 - 4 जबकि दूसरे सेट में भी 5 - 4 से पराजित कर मुकाबला दो अंकों से अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राजेश राय ने कहा कि हमारी बेटियां भी अब बालकों से किसी क्षेत्र में कम नहीं है। शिक्षा से लेकर खेल के मैदान तक वह अपन प्रतिभा का हुनर विखेर रही है। कहा कि हार जीत लगी रहती है। निराश होने की आवश्यकता नहीं है। बस कहां कमी रह गई। जीत दर्ज करने में उस कमी को दूर करना है। इस अवसर पर ओंमकारनाथ राय,अखिलेश, नंदकिशोर, हरलाल, अजीत, पवन, डाक्टर पूनम मौर्या आदि मौजूद रहे। मैच में निर्णायक लाल बहादुर जबकि उद्घोषक की भूमिका संजय श्रीवास्तव ने निभाई।



गड़ही में जहर डालने से लाखों की मछलियां मरकर पानी में उतराईं, जांच में जुटी पुलिस

बलिया। सिकंदरपुर (बलिया) तहसील क्षेत्र के काजीपुर गांव में गड़ही में जहर डालने से लाखों की मछलियां मरकर पानी के ऊपर उतरा गई हैं। इस मामले में पुलिस छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार काजीपुर गांव के पश्चिम दिशा में साढ़े चार बीघा गडही जो कन्हैया तुरैहा 3 वर्ष पहले 10 वर्ष के लिए 17 लाख रुपए में पट्टा करवाए थे। कन्हैया ने बताया कि गड़ही में करीब चार लाख रुपये की मछलियां डाले थे। बताया कि आठ तारीख की भोर में जब गड़ही के पास गए तो देखा कि सभी मछलियां मर कर पानी के ऊपर आ गयी हैं। इसकी सूचना पुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस आ गयी। शनिवार को पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति को पकड़कर थाने पर लाकर पूछताछ कर रही है।



गैंगेस्टर उपेंद्र राय की 80 लाख की अचल संपत्ति को किया गया कुर्क

केटी न्यूज/गाजीपुर

करोड़ों की हेराफेरी के आरोपित उपेंद्र राय का गोड़उर गांव में निमार्णाधीन मकान (आराजी नंबर 467 ख) को पुलिस ने डीएम के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत शनिवार को कुर्क कर दिया। इसकी अनुमानित कीमत 80.24 लाख है। गांव निवासी उपेंद्र राय ने पत्नी मयूरी राय व साली सृष्टि राय के साथ मिलकर समृद्धि कामर्शियल काम्प्लेक्स माइंड स्पेस चिचोली बदर रोड मलाड मुंबई निवासी राहुल शर्मा को झांसी में कमल कोच फैक्ट्री जयपुर राजस्थान का फर्जी डायरेक्टर बनकर 52 लाख रुपये ठग लिया। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने उसपर 15 हजार का इनाम घोषित किया। इसके बाद वह, उसकी साली, मां आदि को पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभी उसकी पत्नी मयूरी राय फरार चल रही है। शनिवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति से पैतृक गांव में बन रहे मकान को कुर्क किया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक भारती ने बताया कि डीएम व एसपी के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस मौके पर तहसीलदार विजय प्रताप सिंह के अलावा भांवरकोल थानाध्यक्ष सत्येंद्र राय, करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव व मुहम्मदाबाद थानाध्यक्ष राम बहादुर चौधरी समेत भारी संख्या में पुलिसफोर्स रही।

बलिया में दो सर्राफा दुकानों में भीषण चोरी, आक्रोश

- बासडीह रोड के सर्राफा व्यापारी लालबाबू व ताराचंद की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना
- चोरी की घटना से व्यापारियों में उबाल, आंदोलन की चेतावनी

केटी न्यूज/बलिया



सूदखोरों के आतंक से बलिया व्यापारी स्व नंदलाल गुप्ता को अभी न्याय मिला ही नहीं की बांसडीह रोड में अपराधियों ने सराफा व्यापारी लालबाबू सोनी व ताराचंद सोनी की दुकान को तोड़कर भीषण चोरी कर ली। योगी सरकार के निर्देश पर उच्चाधिकारियों द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान उस समय हवा हो गया जब गत शुक्रवार की रात्रि को हौसला बुलंद बदमाशों और अपराधियों ने बासडीह रोड के सराफा व्यापारी लालबाबू सोनी व ताराचंद सोनी दोनों सगे भाइयों की दुकानों को निशाना बनाते हुए सुनियोजित तरीके से अपराधियों ने भयंकर चोरी कर पूरी दुकान की जमा पूंजी को साफ कर दिया।

यह खबर मिलते ही सारे व्यापारियों में दहशत और भय का माहौल है, उन्होंने अपनी पीड़ा स्वर्णकार संघ के प्रदेश सचिव टुनटुन जी सराफ, जिला अध्यक्ष अभिषेक सोनी, महामंत्री संजीव सोनी, नगर अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी,महेश सोनी जी को दूरभाष के जरिए दिया। जिससे पूरा संगठन लामबंद होकर त्वरित घटना के पदार्फाश के लिए बांसडीह रोड बलिया के लिए रवाना हो चुकी है।

इस घटना से आक्रोशित स्थानीय ब्यापरियो और स्वर्णकार संघ के प्रदेश सचिव टुनटुन सर्राफ ने स्थानीय प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर तत्काल घटना का पदार्फाश कर चोरी की गई माल की बरामदगी नही होती है, तो संगठन द्वारा सख्त आंदोलन कर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

नगर पालिका परिषद अधिकारियों की अनदेखी से परेशान हो रहे राहगीर

दुर्दशा: शहीद पार्क को जोड़ने वाली सड़कें गढ्ढे में तब्दील

केटी न्यूज/बलिया

शहर की हृदय स्थली शहीद पार्क को जोड़ने वाली अधिकांश सड़कें गढ्ढे में तब्दील होने वहां से गुजरने वाले वाहन सवार लोगों को हिचकोले नहीं खाना पड़ रहे हैं। लेकिन नगर पालिका परिषद अधिकारियों को आम लोगों की दिक्कत दिखायी नहीं दे रही है। गत अक्टूबर माह में राज्य सड़क से प्रदेश के 402 बड़े मार्गों के नवीनीकरण के लिए धन आवंटन किया गया था, इसमें जिले और नगर की सड़कों को लेकर कुछ नहीं हुआ है। नगर के मध्य में स्थित शहीद पार्क को जोड़ने वाली छः सड़कों की स्थिति इन दिनों इतनी जर्जर हो



गयी है लगभग अधिकांश सड़कें गढ्ढा युक्त होने के कारण इन मार्गो पर पैदल चलना तक मुश्किल हो रहा है। इन सड़कों की बारिश के दिनों स्थिति भयावह हो जाती है। फिर भी नगर पालिका प्रशासन सड़कों में उगे गढ्ढों का नवीनीकरण क्या करायेगी मरम्मत तक कराना जरूरी नहीं समझ रही है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि इन सड़कों के मरम्मत की जिम्मेदारी सार्वजनिक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। लेकिन पीडब्ल्यूडी ने कुछ काम कराया भी लेकिन रेलवे स्टेशन से शहीद पार्क को जाने वाली सड़क को पीडब्ल्यूडी द्वारा अब तक मरम्मत नहीं कराया जाने के लिए उन्हें नोटिस दिये जाने की कार्रवाई सम्पादित किया जा रहा है। हमें आशा है शीघ्र ही नगर की सभी सड़कों के मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जायगा।

युवती की चाकू गोंदकर हत्या करने के मामले में प्रेमी गिरफ्तार

गाजीपुर। शहर कोतवाली के टेढ़ी बाजार मुहल्ले में बीते दिनों एक युवती की हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के तह में जाने के बाद युवती का प्रेमी ही प्रथम दृष्टया संदेह के घेरे में आया। उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के बाद शनिवार को राहुल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि मृत युवती और गिरफ्तार अभियुक्त के बीच काफी दिनों से प्रेम -प्रसंग चल रहा था। आरोपी को शक था कि उसकी प्रेमिका उसको धोखा देकर दूसरे से बातचीत करती है और संबंध रखती है। इसी बात को लेकर बीते 9/10 फरवरी की रात में इन दोनों के बीच कहासुनी हुई और आरोपी राहुल यादव पुत्र राजेश यादव प्रेमी सुहवल थाना क्षेत्र के कालूपुर गाँव का निवासी हैं। उसने एक योजना बनाई और उसके घर पहुंचा। इसके बाद अपनी प्रेमिका की चाकुओं से गोंदकर निर्मम हत्या कर दी और भाग गया।